


श्री नरेन्द्र मोदी
मानननीय प्रधानमंत्री



# नई रेल

# नया छत्तीसगढ़

## 2014 से प्रगति पथ की नई यात्रा

## रायगढ़ संसदीय क्षेत्र









# प्रस्तावना




**श्री सुनील सिंह सोइन**
महाप्रबंधक
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

भारतीय रेलवे हमारे राष्ट्र की जीवन रेखा है। इसने देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में सदैव से उत्प्रेरक का काम किया है। समान रूप से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपनी स्थापना के बाद से ही छत्तीसगढ़ राज्य की सामाजिक–आर्थिक प्रगति में सहयोगी की भूमिका निभाती रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की स्थापना 1 अप्रैल, 2003 को हुई थी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 46% रेल नेटवर्क छत्तीसगढ़ में अवस्थित है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ–साथ पूर्व तट रेलवे भी छत्तीसगढ़ को सेवाएं प्रदान करती है। माल ढुलाई में अग्रणी ज़ोन होने के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को निरंतर गति प्रदान करती रही है। खनिज संपन्न राज्य होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क के विस्तार की अत्याधिक आवश्यकता है। इस आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए रेलवे एवं छत्तीसगढ़ सरकार आपसी सहयोग के साथ काम कर रहे है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार एवं रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से कई परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में, विगत 4 वर्षों में रेल परियोजनाओं से संबन्धित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक तरफ रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार लौह संपन्न परंतु दुर्गम रावघाट तक किया जा रहा है तो दूसरी ओर दो महत्वपूर्ण कारीडोर के द्वारा पूर्व मध्य छत्तीसगढ़ के कोयला संपन्न मांड क्षेत्र तक रेल परिवहन सुविधा पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त दो नई लाइनों, खरसिया–बलौदाबाजार–नया रायपुर–दुर्ग तथा कटघोरा–कवर्धा–डोंगरगढ़ के लिए सैद्धांतिक सहमति रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान कर दी गई है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के पश्चात, छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों तक रेलवे नेटवर्क का विस्तार होगा तथा राज्य के अनेक अनछुए क्षेत्रों में विकास के नवीन द्वार खुलेंगे। इस ब्रोशर का लक्ष्य छत्तीसगढ़ राज्य के रायगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हालिया, अतीत एवं वर्तमान की परियोजनाओं एवं कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियों को सूचीबद्ध करना है।

हमारे कर्मचारियों के अथक प्रयास एवं यात्रियों के सहयोग के कारण क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा कराये गये थर्ड पार्टी आडिट के आधार पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को स्वच्छतम ज़ोन घोषित किया गया है। हम सभी छत्तीसगढ़ में रेलवे के और अधिक विकास के लिये कृत संकल्प है।



# रायगढ़ संसदीय क्षेत्र

**क. विधान सभा क्षेत्रः**

जशपुर नगर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धरमजयगढ़।

**ख. पिछले 4 वर्षों में पूरे किये गए कार्यः**

**ख1. आधारभूत संरचना के विकास कार्य**

- ❖ ₹ 61 करोड़ की लागत से चांपा–झारसुगुडा तीसरी लाइन परियोजना के अंतर्गत झाराडीह–खरसिया–राबर्टसन के बीच 13 किलोमीटर तीसरी लाइन पर परिचालन की शुरुवात।
- ❖ ₹ 9 करोड़ की लागत से जामगा यार्ड में परिचालन क्षमता की वृद्धि के कार्य।
- ❖ ₹ 5 करोड़ की लागत से किरोड़ीमल नगर – भूपदेवपुर के मध्य लेवल क्रासिंग नंबर 295, कोतरलिया–रायगढ़ के मध्य लेवल क्रासिंग नंबर 286 एवं किरोड़ीमल नगर – भूपदेवपुर के मध्य लेवल क्रासिंग नंबर 294 पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण।

**ख2. यात्री सुविधाएं**

- ❖ ₹ 193 लाख की लागत से झाराडीह एवं राबर्टसन स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण।
- ❖ ₹ 49 लाख की लागत से किरोड़ीमल नगर स्टेशन पर प्लेटफार्म शेल्टर, बैठने की सुविधा एवं टायलेट सुविधाओं का प्रावधान।
- ❖ ₹ 2 करोड़ की लागत से कोतरलिया स्टेशन पर प्लेटफार्म की ऊंचाई में वृद्धि।
- ❖ ₹ 47 लाख की लागत से किरोड़ीमल नगर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 एवं 3 के ऊँचाई में वृद्धि।
- ❖ रायगढ़, झाराडीह एवं खरसिया स्टेशन में दिव्यांगो के लिए टायलेट की सुविधा।
- ❖ रायगढ़ स्टेशन पर दिव्यांगो के लिए पाथ–वे के जरिये एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने की सुविधा।
- ❖ रायगढ़ स्टेशन पर क्वाइन आपरेटेड आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन एवं आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन की सुविधा।
- ❖ ₹ 11 लाख की लागत से खरसिया स्टेशन पर अतिरिक्त बुकिंग काउंटर की सुविधा।
- ❖ ₹ 5 लाख की लागत से रायगढ़ एवं खरसिया स्टेशनों पर दिव्यांगो के लिए टायलेट की सुविधा।
- ❖ ₹ 14 लाख की लागत से झाराडीह, किरोड़ीमल नगर एवं रायगढ़ स्टेशन पर पेय जल की सुविधा।
- ❖ रायगढ़ स्टेशन में बेबी फीडिंग कार्नर की सुविधा।
- ❖ ₹ 36 लाख की लागत से जामगा, कोतरलिया, राबर्टसन एवं झाराडीह स्टेशनों में लाइट वेट प्लेटफार्म शेल्टर की सुविधा।
- ❖ रायगढ़ स्टेशन में ₹ 94 लाख की लागत से Multi-Functional Complex का निर्माण।

**ग. अन्य कार्यः**

- ❖ 22885/22886 अंत्योदय एक्सप्रेस का रायगढ़ स्टेशन में ठहराव।
- ❖ 01661/01662 जयपुर–शालीमार–जयपुर–शालीमार स्पेशल का रायगढ़ में ठहराव।
- ❖ 02191/02192 जबलपुर–सांत्रागाछी–जबलपुर स्पेशल का रायगढ़ में ठहराव।
- ❖ 08061/08062 हबीबगंज–पुरी–हबीबगंज स्पेशल का रायगढ़ में ठहराव।
- ❖ 07007/07008 सिकंदराबाद–दरभंगा–सिकंदराबाद स्पेशल का रायगढ़ में ठहराव।

**घ. कार्य प्रगति परः**

- ❖ ₹ 1,213 करोड़ की लागत से चांपा एवं झारसुगुडा के बीच 151 किलोमीटर तीसरी रेल लाइन का निर्माण।
- ❖ ₹ 1,974 करोड़ की लागत से झारसुगुडा एवं बिलासपुर के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का निर्माण।
- ❖ ₹1,647 करोड़ की लागत से खरसिया एवं धरमजयगढ़ के बीच नई रेल लाइन का निर्माण।
- ❖ ₹ 314 लाख की लागत से राबर्टसन एवं झाराडीह स्टेशनों के प्लेटफार्मो की ऊँचाई में वृद्धि।
- ❖ ₹ 98 लाख की लागत से रायगढ़ स्टेशन में वर्तमान फुट ओवरब्रिज का उन्नयन कार्य।
- ❖ ₹ 92 लाख की लागत से किरोड़ीमल नगर स्टेशन का आदर्श स्टेशन के रुप में उन्नयन।
- ❖ ₹ 10 लाख की लागत से रायगढ़ स्टेशन पर दिव्यांगो के लिए इंटर प्लेटफार्म आवागमन का प्रावधान।
- ❖ ₹ 4 लाख की लागत से रायगढ़ स्टेशन में करेंट बुकिंग स्टेटस डिस्प्ले की सुविधा।

# कुछ महत्वपूर्ण फोटोग्राफ


माननीय केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री द्वारा रायगढ़ स्टेशन पर सिकंदराबाद–दरभंगा स्पेशल के ठहराव का शुभारंभ


माननीय केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री द्वारा रायगढ़ स्टेशन पर पेयजल बूथ का शुभारंभ



रायगढ़ स्टेशन पर यात्री पूछताछ केंद्र


रायगढ़ स्टेशन पर बेबी फीडिंग कार्नर की सुविधा


झाराडीह स्टेशन पर लोकल आर्ट के द्वारा सौन्दर्यीकरण


जेठा पैसेंजर हाल्ट पर फुट ओवरब्रिज की सुविधा


सारागांव पैसेंजर हाल्ट स्टेशन पर प्लेटफार्म की सुविधा